-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 16.06.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना अतर्रा पुलिस द्वारा 04 वर्षीय गुम हुई बच्ची को एक घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में **"ऑपरेशन मुस्कान"** के क्रम में आज दिनांक 16.06.2025 को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा 04 वर्षीय गुम हुई बच्ची को एक घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि आज दिनांक 16.06.2025 को एक महिला द्वारा थाना अतर्रा पर सूचना दी कि वह अपनी 04 वर्षीय बच्ची के साथ अपना अल्ट्रासाउंड कराने बजरंगा डायग्नोस्टिक सेंटर कस्बा अतर्रा आयी हुई थी। जहां से उसकी बच्ची खेलते-खेलते अचानक कहीं गुम हो गई। सूचना पर तत्काल थाना अतर्रा पुलिस द्वारा मौके पर जाकर आस-पास मौजूद लोगों से पूछताछ व सघन चेकिंग करते हुए एक घण्टे के भीतर बच्ची को बजरंगा डायग्नोस्टिक सेंटर से कुछ दूर रोड़ के पास से सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस द्वारा सकुशल बच्ची को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों द्वारा पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।